CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में रविवार
सायं 7:00 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में सोमवार
सुबह 5:36 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 70 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | रविवार, 1 सितम्बर 2024



श्रद्धा की स्त्री 2 का धुआंधार...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### घर से कपड़े खरीदने की बात कह गई नाबालिग लड़की गायब, गुमशुदगी दर्ज

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से घर से कपड़े खरीदने की बात कह गई नाबालिग लड़की संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई, पुलिस ने परिजनों की सूचना पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा कि मूल रूप से जिला बरेली यूपी का निवासी है। यहां पर परिवार के रहता है। 30 अगस्त 24 को दोपहर 2 बजे 14 वर्षीय पुत्री घर से ट्रांजिट कैंप बाजार कपड़े खरीदने की बात कह कर गई। काफी देर तक पुत्री घर नहीं पहुंची तो उसकी तलाश की। बताया कि उसका कहीं भी पता नहीं चला। गायब किशोरी के पिता ने पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई। पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला ने लगाया पति पर जान से मारने के प्रयास का आरोप

**हल्द्वानी।** महिला ने पति पर मारपीट और जान से मारने के प्रयास का आरोप लगाया है। आरोप है कि सास-ससुर का व्यवहार भी उसके प्रति ठीक नहीं है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को सौंपी तहरीर में निया ठाकुर निवासी गेट नंबर 3, गणपति विहार, निकट इको टाउन, हल्द्वानी ने कहा है कि उसका विवाह 5 अक्टूबर 2022 को अमित ठाकुर पुत्र प्रेम सिंह ठाकुर, निवासी मिलक चाँदपुर, मुरादाबाद के साथ हुआ था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही पति का व्यवहार उसके प्रति बदल गया और मारपीट करने लगा। इतना ही नहीं बार-बार जान से मारने की कोशिश की जाती रही। 30 जुलाई को भी उसके पति ने उसके साथ मारपीट की और गला दबाकर मारने की कोशिश की। यह भी आरोप है कि उसके ससुरप्रेम सिंह और सास शांति देवी का व्यवहार भी उसके प्रति ठीक नहीं है और बात-बात पर ताने दिए जाते हैं। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चटख धूप से हुई दिन की शुरुआत, कई जिलों में तेज बारिश का यलो अलर्ट

देहरादून
हमारे संवाददाता

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मैदानी इलाकों में तेज धूप खिलने से तापमान में बढ़ोतरी देखी जा सकती है।

उत्तराखंड में आज दिन की शुरुआत चटख धूप के साथ हुई। वहीं, मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पर्वतीय जिलों में शाम को तेज बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत बागेश्वर, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर और चंपावत जिले के कुछ इलाकों में तेज



बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। लगातार बारिश के बाद बीते कुछ दिनों से प्रदेशभर में मौसम साफ है। जिससे पहाड़ों में मौसम सुहाना हो रहा है तो मैदानों में गर्मी खूब सता रही है। आलम यह है कि मैदानी इलाकों में तीन दिन से लगातार तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। आंकड़ों पर नजर डालें तो शनिवार के तापमान ने बीते साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। शनिवार को दून का अधिकतम तापमान पांच डिग्री के इजाफे के साथ 35.4 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि बीते साल इस दिन का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। आज रविवार को भी दून का अधिकतम तापमान 35 डिग्री रहने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मैदानी इलाकों में तेज धूप खिलने से तापमान में बढ़ोतरी देखी जा सकती है।

हालांकि पर्वतीय इलाकों के सुबह-शाम के तापमान में कमी देखने को मिलेगी। बारिश के बाद जगह-जगह मलबा आने से प्रदेश की 112 सड़कें बंद हो गईं। इसमें सबसे अधिक 24 मार्ग चमोली जिले में बंद हैं। जबकि रुद्रप्रयाग में 13, उत्तरकाशी में 3, नैनीताल में 2, बागेश्वर में 8, देहरादून में 12, अल्मोड़ा में 2, पिथौरागढ़ में 19, ऊधमसिंह नगर में 2, पौड़ी में 13 और टिहरी में 14 मार्ग बंद हैं।

खटीमा गोलीकांड की बरसी आज

# खटीमा में सीएम धामी ने शहीद आंदोलनकारियों को दी श्रद्धांजलि

खटीमा
हमारे संवाददाता

खटीमा गोलीकांड की बरसी पर सीएम धामी ने अमर शहीद आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी। सीएम धामी ने कहा कि वो उत्तराखण्ड राज्य निर्माण आंदोलन के दौरान खटीमा गोलीकांड में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद आंदोलनकारियों को नमन करते हैं।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य निर्माण में आपके द्वारा दिया गया बलिदान अविस्मरणीय है। हमारी सरकार शहीदों के सपनों के अनुरूप निरंतर कार्य कर रही है। राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों के सशक्तिकरण हेतु 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था लागू की गई है। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट रविवार को खटीमा गोलीकांड की बरसी में शामिल हुए। सांसद भट्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत किया।



### हैलीपैड पर जनता की समस्याएं भी सुनीं

**खटीमा।** शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खटीमा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोहिया हेलीपेड पर जनता से भेंट की व जन समस्याएं सुनी। मुख्यमंत्री का हेलीपेड पहुंचने पर जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, जिलाधिकारी उदय राज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, सीडीओ मनीष कुमार आदि ने स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कैम्प कार्यालय, लोहिया हेड में जनता से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनी। मौजूद राज्य आंदोलनकारियों ने राज्य आंदोलनकारियों व उनके परिजनों के लिये 10% क्षैतिज आरक्षण देने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। मुख्यमंत्री अपने निजी आवास नगला तराई खटीमा में करेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, पूर्व मंडी चेयरमैन नंदन सिंह खड़ायत, एसपी सिटी मनोज कत्याल, एडीएम पंकज उपाध्याय, अशोक जोशी,एसडीएम रविन्द्र बिष्ट सहित जनप्रतिनिध आदि मौजूद थे।

# बाइक सवार युवकों ने स्कूटी सवार महिला के गले से झपटी चैन

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

**घटना**
- थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में चैन स्नैचिंग की वारदात
- पुलिस का नहीं है उच्चकों पर नियंत्रण, बिना नंबर की बाइकों को तीन या चार युवक दौड़ते हैं

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में स्कूटी सवार महिला के गले से चैन झपटने का मामला प्रकाश में आया है। महिला ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

ट्रांजिट कैंप क्षेत्र दक्ष चौक गंगापुर रोड निवासी विभा गिरि करीब 5 बजे बैंक बंद होने के बाद स्कूटी से घर जा रही थी। बताया कि रास्ते में सैन्ट मैरी स्कूल के सामने पीछे से आ रहे बाइक सवारों ने स्कूटी के बराबर में आकर बाइक में पीछे बैठे व्यक्ति ने गले की चैन छीन ली और दोनों बाइक सवार दक्ष चौराहे की तरफ भाग गये।



महिला ने बताया कि वह घटना के दौरान स्कूटी से गिरते- गिरते बची। वह पहुंची और घटना की जानकारी परिजनों को दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर अज्ञात बाईक सवार युवकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि बाईक सवार युवकों की तलाश की जा रही है। घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने चैन स्नैचिंग करने वालों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बता दें कि थाना ट्रांजिट कैंप हो या रुद्रपुर। दिन भर बिना नंबर की बाईकों पर सवार युवक दौड़ते नजर आते हैं, इन्हें पुलिस का बिल्कुल खौफ नहीं है। बाईक पर एक नहीं दो नहीं तीन तीन,चार चार बैठ कर चूमते हैं। बताया जाता है कि किच्छा बाई पास रोड पर तो बिना नंबर की बाईकों की कुछ ज्यादा ही है।

# हल्द्वानी के आदित्य रावत का भारतीय अंडर-19 टीम में चयन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

बमौरी निवासी व मध्यम तेज गति के गेंदबाज आदित्य रावत का चयन भारतीय अंडर-19 की टीम में हुआ है। वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले चार दिनी मैच में खेलेंगे।

आदित्य बीते चार साल से जीएनजी क्रिकेट एकेडमी में कोच अभिषेक कुमार से खेल की बारीकियां सीख रहे हैं। आदिय उत्तराखंड की अंडर-19 व अंडर-16 टीम का हिस्सा रहे हैं। इसी साल उन्होंने एनसीए कैंप में भी प्रतिभाग किया। आदित्य के पिता दिलीप रावत व्यवसायी व माता सुनीता रावत शिक्षिका हैं। आदित्य शहर के ही एक निजी स्कूल में पढ़ाई कर रहा है। बताया गया कि आस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम चार दिनी मैच खेलने



आदित्य रावत

**खुशी**
आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले चार दिनी मैच में खेलेंगे

के लिए स्वदेश पहुंच रही है। यह भारतीय टीम का पहला मुकाबला होगा। आदित्य के चयन पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सचिव महिम वर्मा, पूर्व कोषाध्यक्ष दीपक मेहरा, हर्ष गोयल, जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, किशन अनेरिया, आनंद बिष्ट, पूजा कांडपाल, दिग्विजय कनवाल समेत खेलप्रेमियों ने हर्ष जताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### पति पर नशे में मारपीट व दहेज प्रताड़ना का आरोप

**हल्द्वानी।** महिला ने पति पर शराब के नशे में मारपीट करने और दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को सौंपी तहरीर में हाईडिल कॉलोनी काठगोदाम निवासी पूनम बिष्ट ने कहा है कि उसका पति विजय अधिकारी आए दिन उसके साथ शराब पीकर मारपीट करता रहता है और दहेज की मांग करता है। बीती 31 अगस्त की सायं उसका पति शराब पीकर घर आया और उसके साथ मारपीट की। इस बीच उसकी मां बीच बचाव को आई तो आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। इस बीच उसकी बच्ची गिर गई और चोटिल हो गई। आरोप है कि पति के अलावा उसके देवर कुंदन, सास रितु, और जीजा ने दहेज की मांग की और यह कहकर घर से निकाल दिया कि वह दहेज लाने पर ही घर में कदम रखे। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# किल्लत: पॉलीशिट के ट्यूबवेल की मोटर फुंकी, पांच हजार लोग प्रभावित

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नगर निगम के पॉलीशिट वार्ड का ट्यूबवेल फुंकने से पेयजल संकट गहरा गया। वार्ड की पांच हजार से अधिक की आबादी की पेयजलापूर्ति बाधित हो गई है। इधर ट्यूबवेल की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है, इसे दुरुस्त करने में पांच दिन का समय लगने की जानकारी दी गई है। पॉलीशिट के आस्था विहार में लगे ट्यूबवेल की मोटर फुंक गई है। इससे पांच हजार उपभोक्ताओं के समक्ष पेयजल संकट खड़ा हो गया है। जल संस्थान कर्मियों से मिली जानकारी के अनुसार इस ट्यूबवेल में 66 पाइप है, इन्हें निकालना शुरू कर दिया गया है।

### डीएम के निर्देश के बावजूद दुरुस्त नहीं हुई पेयजलापूर्ति

**हल्द्वानी।** पॉलीशिट वार्ड में निजी स्कूल के पास वाली तीन गलियों में सालों से पेयजल संकट बना हुआ है। पिछले दिनों जिलाधिकारी वंदना के निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने यह मामला उठाया था। इस पर डीएम ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को समस्या के समाधान के निर्देश दिये थे। लंबा समय बीतने के बावजूद इन गलियों में पेयजलापूर्ति दुरुस्त नहीं हो पाई है। इस बीच पूर्व पार्षद मुन्ना पोखरिया ने बताया कि इन तीन गलियों में पानी की किल्लत इसलिए भी है कि यहां गौला वाला पानी प्रेशर से नहीं पहुंचता। साथ ही ट्यूबवेल की सप्लाई भी इन गलियों में नहीं हो पाती। इन गलियों से करीब 200 मीटर दूर पाइप लाइन पड़ी है, संयोजन दूर लिये जाने के कारण पानी प्रेशर से नहीं पहुंच पाता। स्थानीय लोगों ने जल संस्थान के प्रति रोष जताया है।

वहीं इस संबंध में जानकारी लेने के लिए जल संस्थान के अवर अभियंता को फोन किया गया तो उनका फोन नहीं उठा। इधर वार्ड निवासी समाजसेवी विक्रम अधिकारी ने जल संस्थान के अधिकारियों से ट्यूबवेल को अतिशीघ्र दुरुस्त किये जाने की मांग की है।

# अपराध गोष्ठी: एसएसपी ने दिए अधिकारियों को निर्देश

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

शनिवार को हल्द्वानी में कोतवाली सभागार में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी सर्किल प्रभारियों को अपने-अपने सर्किल के थाना-चैकियों की नियमित चेकिंग करने का निर्देश दिया। विवेचकों को लंबित विवेचनाओं का समय पर निस्तारण करने, वारंट आदि को समय पर तामील करने की हिदायत दी गई। महिला संबंधित मामलों के त्वरित संज्ञान न लेने पर थाना और चैकी प्रभारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। एसएसपी ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों की रोस्टरवार चेकिंग गश्त ड्यूटी लगाने की बात भी की।

**कोतवाली सभागार में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी**



उन्होंने सभी थाना और चैकी प्रभारियों को सायं 7 से 11 बजे तक नियमित चेकिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि स्कूलों के खुलने और छुट्टी के समय विशेष रूप से महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने शिकायत पेटिकाओं में आने वाली शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर भी जोर दिया। संवेदनशील समय सायं 7 से 11 बजे के बीच थाना क्षेत्र में कर्मचारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही, अन्यथा कठोर दंड की चेतावनी दी।

इसके साथ ही, सीपीयू द्वारा यात्रा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने, रात्रि 10 बजे तक बिना हेलमेट, ट्रिपलिंग, रेट्रो साइलेंसर और काली फिल्म लगे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

गोष्ठी के दौरान प्रकाश चंद्र एसपी सिटी हल्द्वानी, हरबंस सिंह एसपी क्राइम, नितिन लोहनी सीओ सिटी हल्द्वानी, संगीता सीओ लालकुआं, सीओ अग्निशमन गौरव किरार, और भगवत सिंह राणा प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन नैनीताल सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## पुलिस विभाग के चार कर्मचारियों को दी भावभीनी विदाई

शनिवार को हल्द्वानी पुलिस विभाग के चार कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में उपनिरीक्षक अभिसूचना भगवत सिंह, अपर उपनिरीक्षक हरीश राम, कांस्टेबल चंद्रपाल सिंह, और शांतिपाल आर्या शामिल हैं। कोतवाली के मीटिंग हॉल में आयोजित विदाई समारोह में एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इन कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी। समारोह की शुरुआत डीजीपी अभिनव कुमार द्वारा भेजे गए विशेष बधाई संदेश से की गई। सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने लंबे अनुभव और विभागीय यात्रा के महत्वपूर्ण क्षणों को साझा किया। एसएसपी पीएन मीणा ने इन कर्मचारियों के कार्यकाल की सराहना की और कहा कि उनकी सेवाएं अनुकरणीय हैं। एसएसपी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को शॉल, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**PUBLIC NOTICE/LOST FOUND**

I Apurva Rani R/o Madhavpurm Colony RTO Road Haldwani, hereby inform The General Public That I Have Lost My Plot Chain Registry Copy Dated 16/7/ 2024 Near Unchapul Haldwani & The FIR was Registered At Police Station Mukhani Under Request Number. 002158/ 2024 Dt. 30.08.2024 The Lost Document Pertains to Khasra No. 37, measuring 1,735.75 Sqr.ft Originally Sold By Mr. Saket Agarwal To Smt. Lila Devi Dated 22/11/ 2012 as recorded at the Sub Registrar Office Haldwani Under Bhai No-1 Jild No-459 And Page No-29 To 46 Under Seariel Nol. 6429 If found or if there are objections, Please Contact me 8445666602 Within 07 Days From Today. Please Donot Sale or Purchase Property Belongs To Us.



## बीडी पांडे अस्पताल में नेत्रदान के प्रति लोगों को जागरूक किया

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के तहत राजकीय बीडी पांडे जिला नैनीताल में शनिवार को नेत्रदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। बता दें कि 25 अगस्त से आगामी 8 सितंबर तक राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के तहत वर्तमान में मृत व्यक्तियों का नेत्रदान कर दो लोगों के जीवन में रोशनी लाए थीम पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिसके तहत शनिवार को जिला अस्पताल में मरीजों और तीमारदारों को इसके प्रति जागरूक किया गया। वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. दीपिका लोहनी ने बताया कि नेत्रदान कर हम कई व्यक्तियों के जीवन में रोशनी भर सकते हैं। कहा कि जो भी व्यक्ति इसके लिए इच्छुक हों वह जिला चिकित्सालय या निजी स्वास्थ केंद्र में संपर्क करके पंजीकरण कराके संकल्प पत्र भर सकते हैं। इस दौरान पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा समेत वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. महिमन सिंह दुग्ताल समेत डॉ. अभिषेक गुप्ता, डॉ. कोमल, डॉ. यति उप्रेती, दीपक कुमार, संजीव कुमार तथा मेट्रन शशिकला पांडे आदि मौजूद रही।

## गोविन्द बल्लभ पंत की जयंती को लेकर कुमाऊं आयुक्त से की मुलाकात

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पंत की 10 सितंबर (मंगलवार) को आयोजित होने जा रही 137वीं जयंती के कार्यक्रमों को लेकर शनिवार को गोविन्द बल्लभ पंत समिति के पदाधिकारियों ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत से मुलाकात की।

इस दौरान जहां उन्होंने कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी वहीं दूसरी ओर उन्हें कार्यक्रम में आने का विशेष निमंत्रण भी दिया। इससे पूर्व पंत समिति के मुख्य संयोजक उत्तराखंड गोपाल सिंह रावत समेत ललित मोहन भट्ट तथा राजेश कुमार ने कुमाऊं आयुक्त को भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत का चित्र भेंट किया। उसके बाद आगामी 10 सितंबर जन्म दिवस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया साथ ही आयुक्त दीपक रावत से कुमाऊं मंडल के जिलाधिकारियों व शिक्षा समेत विभिन्न महकमों के अधिकारियों को निर्देश करने की गुजारिश की कि वह 10 सितंबर को भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत का जन्म दिवस हर वर्ष की भातिं इस वर्ष भी धूमधाम के साथ मनाये जाने के लिए विशेष रुप से निर्देशित करें। पंत समिति के पदाधिकारियों के मुताबिक आयुक्त रावत की ओर से इस कार्य को प्राथमिकता से लेते हुए निर्देश भी जारी कर दिए हैं।



## NEWS / फटाफट

### जागरूकता शिविर में वरिष्ठ नागरिकों को बताए उनके अधिकार



**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल बीनू गुलयानी ने वरिष्ठ नागरिकों हेतु गोविन्द बल्लभ पन्त पुस्तकालय में वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति के सदस्यों के साथ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, नि:शुल्क विधिक सहायता का अधिकार, भरण पोषण आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही 14 सितंबर को लगने वाली लोक अदालत, स्थाई लोक अदालत, साइबर अपराध, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकलाप, टॉल फ्री नम्बर 15100 के बारे में जानकारी दी गई। शिविर का संचालन पीएल की नीमा जोशी ने ? किया। वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति के अध्यक्ष भुवन भाष्कर पाण्डे के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया।

### यूनिवर्सल स्कूल के बच्चों ने पेश किए नवाचारयुक्त मॉडल



**हल्द्वानी।** यूनिवर्सल कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल , हल्द्वानी में शैक्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के कक्षा 6 से लेकर कक्षा आठवीं तक के विद्द्यार्थियों ने हिस्सा लिया और विभिन्न विषयों (विज्ञान, गणित, हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान) पर आधारित अपने मॉडल प्रदर्शित किए। इस दौरान बच्चों ने रक्त संचार, थ्रीडी होलोग्राफी, हाइड्रो पावर प्लांट घरेलू बिजली के उपकरण, सौरमंडल सिस्टम हिंदी/अंग्रेजी साहित्य व व्याकरण तथा जी एस टी, मेक इन इंडिया, पर्यावरण सरंक्षण पर आधारित बेहतरीन स्वनिर्मित मॉडल प्रदर्शित किए। प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू जोशी द्वारा किया किया गया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना होता है, इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों को एक ऐसा मंच मिलता है जिसमें बच्चे अपनी प्रतिभा को सामने ला सकते हैं। यह शैक्षिक प्रदर्शनी छात्रों के बीच टीमवर्क और सहयोग की क्षमता बनाने में भी मदद करती है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों में विज्ञान विषय के साथ-साथ अन्य सभी विषयों के प्रति रुचि पैदा करना है ताकि इन विषयों को लेकर बच्चे तनाव महसूस न करें व नवाचार से परिचित हो सकें। इस दौरान विद्यालय के प्रबंध निदेशक महोदय सुनील जोशी, प्रधानाचार्या मंजू जोशी, उप प्रधानाचार्य महोदय पीडी पलड़िया, समन्वयक कंचन पंत व एचएस बोरा भी इस शैक्षिक प्रदर्शनी में उपस्थित रहे।

### डॉ. नवीन जोशी संगठन महासचिव नियुक्त किया



**नैनीताल।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी द्वारा सर्वसम्मति से डॉ. नवीन जोशी को संगठन का महासचिव नियुक्त किया गया है। डॉ. नवीन जोशी को सभी की सहमति के बाद नियुक्त किया गया है। वहीं इससे पूर्व सुनील पांडे को अध्यक्ष व संजय तलवार को मुख्य संरक्षक मनोनित किया गया था। बता दें कि इससे पूर्व भी डॉ. नवीन जोशी जिलाध्यक्ष के पद पर जिम्मेदारी निभा चुके हैं। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया के अध्यक्ष रास बिहारी द्वारा बताया गया कि संगठन से सभी पदाधिकारियों व सदस्यों की सहमति के बाद ही डॉ. नवीन जोशी को महासचिव नियुक्त किया गया है। उन्होंने डॉ. जोशी को शुभकामनाएं भी प्रेषित की है। उन्होने कहा कि जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वो उस जिम्मेदारी को बखूबी निभाएगे और पत्रकारों के हित के लिए कार्य करेंगे। वही डॉ. नवीन जोशी ने महासचिव का पद मिलने पर सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे वह पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे और संगठन को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। प्रदेश के महासचिव की ज़िम्मेदारी मिलने पर प्रदेश के सभी सदस्यों ने उनको शुभकामनाएं दी हैं।

## हंस आजीविका परियोजना के तहत ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ने की सराहनीय पहल

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

द हंस फाउंडेशन की ओर से संचालित हंस आजीविका परियोजना के तहत ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ने की सराहनीय पहल की जा रही है। संस्था की ओर से चिन्हित किए गए ग्रामीणों को तीन दिनी मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें ग्रामीणों को मधुमक्खी पालन और शहद से जुड़े रोजगार की जानकारी दी गयी।

हंस आजीविका परियोजना प्रबंधन दिलीप सिंह कुलेगा ने बताया कि परियोजना का अल्मोड़ा और पौड़ी गढ़वाल के 75 गांव में संचालन किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीणों को आजीविका संवर्धन के लिए मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, बकरी और सब्जी उत्पादन समेत अन्य रोजगार परक कार्यों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके




तहत चिन्हित किए गए 25 लाभार्थियों को राजकीय मौन पालन केंद्र ज्योलीकोट में तीन दिनी प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें ग्रामीणों को एपीस सिराना इंडिया मधुमक्खी पालन, प्रबंध समेत शहद उत्पादन की जानकारी व प्रशिक्षण दिया गया। शनिवार को कार्यशाला समापन के बाद प्रतिभागियों को संस्थान की ओर से प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस दौरान योगेंद्र चौहान, रमेश दानी, जसोदा रावत, पूरन सिंह, भावना जोशी, रश्मि जोशी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## राजस्व वसूली का हथकंडा

*स्थानीय निकाय में शामिल नये क्षेत्रों के लोगों से टैक्स वसूली की जाने लगी, लेकिन उन क्षेत्रों को सफाई, सीवर, स्ट्रीट लाइट, पेयजल और निर्बाध रूप से बिजली की सुविधा मुहैया नहीं कराई गई। पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा को महानगर निगम बनाया गया है। दोनों शहरों का दायरा बढ़ाकर निकटवर्ती गांवों को शामिल किया जायेगा। दर्जा बढ़ाने से पहले उन क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जाना चाहिए था। पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा में पेयजल का संकट निरंतर गहराता जा रहा है। राज्य सरकार पीने को जल नहीं दे पा रही है, अब मीटर लगाकर पानी का बिल बढ़ाने की धमकी जैसी दे रही है।*

उत्तर प्रदेश का पर्वतीय क्षेत्र पिछड़ा होने के कारण पृथक उत्तराखंड राज्य की मांग उठी थी। वर्षों तक शांतिपूर्वक आंदोलन किया गया। वर्ष 1994 में उग्र आंदोलन से कुमाऊं और गढ़वाल मंडल में जानमाल की भारी क्षति हुई। आंदोलन के बाद केन्द्र सरकार ने अलग राज्य के गठन की प्रक्रिया शुरु की और नौ नवंबर, 2000 को उत्तराखंड राज्य अस्तित्व में आया। राज्य बनने के बाद नेताओं, सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। नौकरशाही का विकास हुआ है। पर्वतीय क्षेत्र और पिछड़ गया है। राजस्व बढ़ाने के लिए जन सामान्य पर टैक्स का बोझ बढ़ाया जा रहा है। जन सुविधा देने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। राज्य बने करीब ढाई दशक हो गये, बिजली और पानी तक उपलब्ध नहीं है। विद्युत कटौती से लोग बेहाल हैं। पेयजल के लिए विरोध प्रदर्शन को मजबूर हैं। राज्य बनने से पहले जो लोग यह नारा लगाते थे- 'बिजली-पानी दे न सके, वह सरकार निकम्मी है, वह सरकार बदलनी है।' अब वही लोग सत्ता में हैं। उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद स्थानीय निकायों का दायरा बढ़ाया गया। नगर पालिकाओं को महानगर निगम, नगर पंचायतों को नगर पालिका का दर्जा दिया गया। दर्जा बढ़ने पर आसपास के क्षेत्रों को शामिल करके वार्ड की संख्या बढ़ गई। निकाय चुनाव में सदस्य व पार्षद बढ़ गये। स्थानीय निकाय में शामिल नये क्षेत्रों के लोगों से टैक्स वसूली की जाने लगी, लेकिन उन क्षेत्रों को सफाई, सीवर, स्ट्रीट लाइट, पेयजल और निर्बाध रूप से बिजली की सुविधा मुहैया नहीं कराई गई। पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा को महानगर निगम बनाया गया है। दोनों शहरों का दायरा बढ़ाकर निकटवर्ती गांवों को शामिल किया जायेगा। दर्जा बढ़ाने से पहले उन क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जाना चाहिए था। पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा में पेयजल का संकट निरंतर गहराता जा रहा है। राज्य सरकार पीने को जल नहीं दे पा रही है, अब मीटर लगाकर पानी का बिल बढ़ाने की धमकी जैसी दे रही है। इसी तरह अघोषित बिजली कटौती करती है। अधिकारी बहाना बनाते हैं कि फाल्ट के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित है। बिजली की दर साल में कई बार बढ़ा दी जाती है, जबकि कुछ साल पहले दो-तीन साल में विद्युत दर बढ़ाई जाती थी। पिथौरागढ़ व अल्मोड़ा के लोगों पर टैक्स का बोझ डालकर राजस्व बढ़ाया जायेगा। सियासत से जुड़े लोग और नौकरशाही सरकारी धन की फिजूलखर्ची बढ़ायेंगे। जनता सुविधाओं के लिए तरसेगी, यह उत्तराखंड की नियति है।

# रोडवेज बस स्टेशन निर्माण शुरु करने को लेकर सीएम धामी को भेजा ज्ञापन

**भीमताल**

हमारे संवाददाता

राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को नगर क्षेत्र भीमताल रोडवेज बस स्टेशन निर्माण कार्य की शुरुआत कराने के लिए शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता बेरोजगार संघ अध्यक्ष पूरन बृजवासी ने एसडीएम प्रमोद कुमार को ज्ञापन दिया।

इस दौरान अवगत कराया कि भीमताल कुमाऊं द्वार आज दिनों-दिन पर्यटन नगरी में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है साथ ही भीमताल शिक्षण संस्थानों के हब के रूप में भी अपनी विशेष पहचान बना रहा है, यहाँ कई हजारों की संख्या में अन्य राज्यों के बच्चें आकर शिक्षा लेते हैं इसके अलावा भीमताल अपने आस-पास पैराग्लाइडिंग हब, वॉटर स्पोर्ट्स हब, अडवेंचर और अन्य कई पर्यटन स्थलों एवं धार्मिक स्थलों को अपने साथ जोड़ा हुआ है, हर वर्ष कई लाखों की संख्या में पर्यटक देश-विदेश से भीमताल पहुँचतें है और यहां के प्राकृतिक सौंदर्य का लुफ्त उठाते हैं लेकिन अथिति देवो भव: की परम्परा



निभाने वाले पर्यटन नगरी भीमताल के वासींदा पर्यटकों के रोडवेज बस स्टैंड इधर-किधर है पूछने पर हर बार शर्मिंदगी उठाते हैं जबकि उत्तराखंड राज्य बनने से पूर्व उत्तर प्रदेश सरकार ने भीमताल डाठ पर कुमाऊं द्वार नगर भीमताल वासियों के लिए रोडवेज का टिकट काउंटर बनाया था और लोगों को स्टैंड की सुविधा दी थी जो राज्य बनने के समय से हटा दी गयी, तब से अब तक न जानें भीमताल वासियों ने कितनी बार शासन-प्रशासन से भीमताल में रोडवेज बस स्टैंड खुलवाने की मांग की है। आज भीमताल नगर परिसीमन के उपरांत लगभग अपने भौगोलिक क्षेत्र में 14.57 वर्ग किमी. की बढ़ोत्तरी कर चुका है साथ ही नगर के एक छोर साततल से दूसरी छोर नौकुचियाताल तक फैल चुका है, जानकारी के मुताबिक नगर की जनसंख्या करीब 18000 से भी पार चुकी है किन्तु नगर वासियों को इतने बड़े भू-भाग में एक छोटा सा रोडवेज का बस अड्डा अब तक नसीब नहीं हुआ।

आज भी यात्री-यात्रा के लिए घंटो धूप व बरसात में रोड किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चंद्र बृजवासी ने बताया कि उनके द्वारा पूर्व में निम्न स्तर से लेकर उच?च स्तर तक शासन-प्रशासन दोनों के प्रतिनिधियों से बारी-बारी से भीमताल में रोडवेज बस अड्डा खुलवाने की माँग रखी गयी लेकिन जमीन का चयन न होने का हवाला देकर भीमताल की मुख्य माँग को अब तक अनदेखा किया गया है जिसका परिणाम पूरे नगर को प्रत्यक्ष भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि एक पत्र के जवाब में परिवहन विभाग खुद कह चुका है कि रोडवेज बस स्टैंड की माँग नीतिगत विषय है, साथ में जिला प्रशासन पहले जमीन न होने की बात कहता था, किन्तु बाद में जमीन का चयन किए जाने का जिक्र भी करता है।

## टिफिनटॉप में भूस्खलन के चलते घोड़ा संचालन बंद

**नैनीताल।** नगर के टिफिनटॉप में भूस्खलन के चलते डोरोथी सीट ढहने से प्रशासन की ओर से घोड़ा संचालन बंद किया गया है। बीते 25 दिनों से घोड़ा संचालन बन्द होने से घोड़ा संचालकों के परिवार पर रोजी रोटी की समस्या आ गई है, जिसको लेकर घोड़ा चालकों ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत से मुलाकात कर घोड़ा संचालन करने की अनुमति मांगी है।

घोड़ा चालक समिति के अध्यक्ष मोहम्मद उमर ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि टिफ न टॉप में भूस्खलन के चलते वहां स्थित डोरथी सीट ढह गई थी। घोड़ा संचालन में प्रतिबन्ध लगाने से घोड़ा चालकों के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है इससे घोड़ा चालकों के जीवनयापन पर गम्भीर असर पड़ रहा है और उनका रोजगार पूर्ण रूप से बंद हो गया है। अब हालात यह है कि घोड़ों के चारे व दाने के अभाव में उनका भी जीवन संकट में डाल दिया गया है। उन्होंने जल्द से जल्द टिफ न टॉप स्थित डोरथी सीट पर्यटन स्थल के अलावा अन्य पर्यटक स्थलों को पर्यटकों के आवागमन के लिए घोड़ा संचालन खोलने की मांग की है।

## घर के बाहर खड़ा टुकटुक चोरी, मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में घर के बाहर खड़ा टुकटुक चोरी हो गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। अशोक विहार कालोनी वार्ड एक ट्रांजिट कैंप निवासी राम कुमार पुत्र प्यारे लाल ने पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से ग्राम डण्डिया भिसौड़ी थाना जहानाबाद जिला पीलीभीत यूपी का निवासी है। 27 अगस्त 2024 की रात 9 बजे कमरे के बाहर खड़ा कर लॉक लगा दिया था। दूसरे दिन सुबह 6 बजे उठकर देखा तो ई रिक्शा मौजूदा स्थान पर नहीं था। खोजबीन की,कहीं पता नहीं चला। टुकटुक मालिक ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मैरी जमीन का विक्रय पत्र जो कि कस्बा सेलाकुई जिला देहरादून का है जो हल्द्वानी के कुसुमखेड़ा बाजार में कहीं गुम हो गया है। किसी को मिले तो कृपया सूचित करें। - **श्रीमती मंगला उप्रेती पत्नी पंकज कुमार उप्रेती 76, बसंत विहार, फेस-2, हल्द्वानी (नैनीताल) मो0-9412306969,**

# बढ़ते महिला अपराधों को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता




प्रदेश में लगातार बढ़ रहे महिला अपराधों से गुस्साये कांग्रेसियों ने जिला-महानगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का इस्तीफा मांगा।

बुद्ध पार्क तिकोनिया में जोरदार विरोध प्रदर्शन संग भाजपा सरकार का पुतला दहन करने के उपरांत गुस्साये कांग्रेसियो ने बुद्ध पार्क तिकोनिया से जुलूस के रूप में एसडीएम कोर्ट परिसर तक जोरदार प्रदर्शन करते हुवे पहुँचे और महामहिम राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

इस दौरान मीडिया से बात करते हुवे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने कहा कि धामी सरकार महिलाओं/ बच्चियों और मासूमो के प्रति होने वाले जघन्य अपराधों को रोकने में पूरी तरह से विफल है। नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री जी को तुरंत इस्तीफा देना चाहिये।

विधायक हल्द्वानी सुमित हृदयेश ने कहा कि देवभूमि मे विगत कुछ समय से बलात्कार, गैंगरेप और हत्या जैसे जघन्य अपराधों की बाढ़ आ गयी है। मोदी सरकार बंगाल प्रकरण पर तुरंत सीबीआई जाँच की संस्तुति देती है लेकिन उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी हत्याकांड में मौन धारण कर लेती है। महामहिम राष्ट्रपति जी देवभूमि उत्तराखंड को आपके संरक्षण की जरूरत है। धामी सरकार के खिलाफ हल्लाबोल करते हुवे समस्त कांग्रेस जनों ने महामहिम राष्ट्रपति से देवभूमि को शर्मसार होने से बचाने के लिए महिला अपराधों को रोकने के लिये अविलंब कड़े कानून बनाने की मांग की। इस दौरान हरीश मेहता, सतीश नैनवाल, जगमोहन चिलवाल,प्रकाश पांडे, राजेन्द्र बिष्ट, हेमन्त बगडवाल,विजय सिजवाली राजेन्द्र बिष्ट (रज्जी), दीपक बलुटिया, ललित जोशी, योगेश जोशी, देवेंद्र सिंह चनोतिया, मुकुल बलुटिया, हेमन्त शर्मा, विनोद दानी, विनोद कुमार (पिंनु), बहादुर बिष्ट, हेमन्त साहू, जगमोहन बगडवाल, विजय सिजवाली, संजय किरौला, भोला दत्त भट्ट, चंदन बिष्ट (कानू), महेशानंद, डॉ मयंक भट्ट, प्रताप बर्गली, गोविंद बगडवाल, नरेश अग्रवाल, सौरभ भट्ट, डॉ केदार पडलिया, एडवोकेट वरुण भाकुनी, सुरेंद्र बर्गली, संदीप जोशी, गुरप्रीत प्रिंस, आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## श्रद्धा की स्त्री 2 का धुआंधार प्रदर्शन जारी, बढ़ी खेल खेल में की कमाई



*सिनेमाघरों में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बॉलीवुड से लेकर साउथ तक कई फिल्में रिलीज हुई थी। इनमें से कई फिल्में दर्शकों को पसंद आई, तो कई बुरी तरह से पिट गईं। ये फिल्में दर्शकों के दिल में अपनी जगह बनाने में फेल साबित हुईं। इसके चलते स्त्री 2 और खेल खेल में के अलावा सभी फिल्मों की सिनेमाघरों से विदाई हो चुकी है। स्त्री 2 की आंधी के आगे लगभग सभी फिल्मों ने अपने घुटने टेक लिए। पहले दिन से जबर्दस्त प्रदर्शन करने वाली स्त्री 2 की धुआंधार कमाई जारी है। वहीं खेल खेल में की हालत खस्ता हो गई है। सिनेमाघरों में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बॉलीवुड से लेकर साउथ तक कई फिल्में रिलीज हुई थी। इनमें से कई फिल्में दर्शकों को पसंद आई, तो कई बुरी तरह से पिट गईं। ये फिल्में दर्शकों के दिल में अपनी जगह बनाने में फेल साबित हुईं। इसके चलते स्त्री 2 और खेल खेल में के अलावा सभी फिल्मों की सिनेमाघरों से विदाई हो चुकी है। स्त्री 2 की आंधी के आगे लगभग सभी फिल्मों ने अपने घुटने टेक लिए। पहले दिन से जबर्दस्त प्रदर्शन करने वाली स्त्री 2 की धुआंधार कमाई जारी है। वहीं खेल खेल में की हालत खस्ता हो गई है। श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर फिल्म ने पहले हफ्ते 291.65 करोड़ रुपये की कमाई कर सभी को हैरत में डाल दिया था। वहीं, फिल्म का धांसू कारोबार दूसरे हफ्ते भी जारी रहा और मैडॉक सुपरनैचुरल यूनिवर्स की इस फिल्म ने 141.4 करोड़ की जबर्दस्त कमाई की। तीसरे हफ्ते में शानदीर प्रदर्शन जारी रखते हुए फिल्म ने 17वें दिन आठ करोड़ 16 लाख रुपये का कलेक्शन किया है।*

### खेल खेल में

*अक्षय कुमार की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर लंबे समय से फ्लॉप का तमगा पा रही हैं। अब इस लिस्ट में उनकी हालिया रिलीज खेल खेल में भी साबित हो गई है। मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी यह फिल्म दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाने में नाकाम रही है। बड़े बजट में बनकर तैयार हुई ये फिल्म 15 अगस्त को रिलीज हुई थी।*

# भाविप का राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी द्वारा राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन डीपीएस स्कूल, रामपुर रोड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विधायक बंशीधर भगत, नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, विशिष्ट अतिथि विवेक अग्रवाल, प्रांतीय पर्यवेक्षक पारुल गुप्ता, क्षेत्रीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, आर के गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं बताया कि समस्त टीमों द्वारा हिंदी और संस्कृत में दो राउंड में गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। हल्द्वानी नगर के विभिन्न विद्यालयों की 26 टीमों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल के प्रोफेसर डॉक्टर कमला पंत, आचार्य धीरज उप्रेती एवं हेमा हरबोला द्वारा टीमों को विभिन्न बिंदुओं पर प्राप्त अंको के हिसाब से विजेताओं की घोषणा की। प्रथम स्थान पर केवीएम पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान पर शैमफोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल और तृतीय स्थान पर बीएलएम एकेडमी की टीम रही। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर निधि गुप्ता एवं उपमा सिटी द्वारा किया गया इस मौके पर मुख्य रूप से गीतू केसरवानी, डॉ अतुल राजपाल, अमित अग्रवाल, उपसचिव सौरव अग्रवाल, विवेक कश्यप, अभिषेक गर्ग, दीपक बख्शी, मीनू गुप्ता, एकता अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, साधना जैन, सुमन जैन आदि सदस्य उपस्थित थे।



## News कॉर्नर

### डॉ.गुंजन जोशी को यंग उत्तराखंड सिने अवार्ड



**नैनीताल।** कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) ने डॉ.गुंजन जोशी को यंग उत्तराखंड सिने अवार्ड 2024(सर्वश्रेष्ठ गीतकार) से सम्मानित किए जाने पर खुशी जताई है। कूटा के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी के मुताबिक शनिवार को नेहरु स्टेडियम दिल्ली में डा.जोशी को सम्मानित किया गया। प्रो.तिवारी ने बताया कि गुंजन को उनके गीत यस छह उत्तराखंड हमारों के लेखक के रुप में यंग उत्तराखंड सिने अवार्ड से सम्मानित किया है। प्रो.तिवारी ने बताया कि डा.जोशी के पति पाल कालेज के कुल सचिव हैं। कूटा परिवार ने डा.जोशी को बधाई दी है।

### अंतर विद्यालय बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**नैनीताल।** डीएसए द्वारा आयोजित व भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय एवं कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा प्रायोजित प्रथम अंतर विद्यालय बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट के तहत शनिवार को तीन मैच खेलें गए। पहले मुकाबले में भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय ब्लू ने मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर की टीम को शून्य के मुकाबले एक गोल से पराजित किया जबकि दूसरे मुकाबले में मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर नैनीताल की टीम ने सनवाल स्कूल नैनीताल की टीम को शून्य के मुकाबले एक गोल से पराजित किया। अंतिम मैच में भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल की रेड टीम ने सेंट जॉन्स स्कूल की टीम को शून्य के मुकाबले 6 गोल से पराजित किया। रेफ री अपूर्व बिष्ट एवं तेजिंग तथा जनक विष्ट रहे। इस दौरान सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता,फुटबॉल सचिव धर्मेंद्र शर्मा तथा वॉलीबॉल सचिव पंकज बर्गली आदि उपस्थित रहे।

# इन्द्रधनुष कल्चरल एण्ड लिटररी फैस्ट का विशेष आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर में शनिवार को इन्द्रधनुष कल्चरल एण्ड लिटररी फैस्ट का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें करीब दर्जनभर स्कूलों के स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा का खुलकर प्रदर्शन किया। इस दौरान हुई विभिन्न प्रतियोगिता की विजेता मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर की छात्राएं रही जब कि प्रथम उपविजेता दिक्षान्त इन्टरनेशनल स्कूल हल्द्वानी व दितीय उप विजेता सेंट जोसफ कालेज नैनीताल रहा। बता दें फैस्ट में जिन स्कूलों ने प्रतिभाग किया उनमें क्रमशःदीक्षांत इन्टरनेशनल स्कूल हल्द्वानी, वुड ब्रिज स्कूल



भीमताल समेत नैनीताल शहर के लांगव्यू स्कूल ,सनवाल स्कूल, सेंट जेवियर्स, सेंटमेरी कान्वेंट, सेंट जोसफ भारतीय शहीद सैनिक स्कूल, राधा चिल्ड्रन अकादमी, आल सेन्टस कालेज, मोहनलाल साह बाल विद्या मंदिर एवं मोहनलाल साह बालिका विद्या मंदिर ने प्रतिभाग किया। फैस्ट में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें स्पीच, नाटक, गजल, सेमी क्लासिकल, डान्स, फ ोक डांस, सिनेमैटिक तथा ऐपण एवं रंगोली बैस्ट आउट आफ वेस्ट आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इससे पूर्व फैस्ट का शुभारंभ प्रतिभागी छात्र छात्राओं के प्रतिनिधि विद्यालय की प्रधान छात्रा तनुजा साह सांस्कृतिक सचिव, निर्णायक मंडल के सदस्यों तथा विद्यालय प्रबंधन की सदस्या अनीता साह समेत आलोक साह, गीता साह प्रभात साह गंगोला, मिथलेश पाण्डेय, बृज मोहन मोहन जोशी, बीना साह प्रधानाचार्या सेंट जोसफ कालेज , विद्यालय की प्रधानाचार्या अनुपमा साह द्वारा द्वार किया गया तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या अनुपमा साह द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों की उनकी गरिमामई उपस्थिति पर आभार जताया। कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों क्रमशः पद्मश्री अनूप साह समेत अमीता साह, प्रधानाचार्य सेंट जोसफ कालेज,प्रधानाचार्या सेंटमेरी कालेज सिस्टर मंजुषा के साथ ही गीता पांडे व प्रतिभागी विद्यालयों की अध्यापिकाएं उपस्थित थीं। विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में आलोक साह, बृजमोहन जोशी, प्रभात साह गंगोला, मिथलेश पाण्डेय, गीता साह बीना साह ,अंजू जगाती, रीना सिंह, लता पांडे, सुप्रिता साह व दीपका पंत रहे। अंत में प्रधानाचार्या अनुपमा साह ने सभी का आभार जताया।

# बच्चों से भरी बस अनियंत्रित होकर खाली प्लाट में घुसी, बाल-बाल बचे

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

बीते दिवस एक बड़ा हादसा होते -होते बच गया। शहर के एक निजी स्कूल से बच्चों को लेकर निकली निजी बस ग्राम कीरतपुर में मछली फार्म के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाली पड़े प्लाट में घुस गई।

बस पलटने से बाल-बाल बची। बस में स्कूल के बच्चे बैठे हुए थे। बस में चीख पुकार सी मच गई। बताया जा रहा है कि बस को देख वहां लोग पहुंचे। बच्चों को बस से निकाला। बताया जाता है कि जब बच्चे समय पर घर नही पहुंचे तब बच्चो के अभिभावकों ने बस चालक से फोन पर बात की,तब अभिभावकों को घटना की जानकारी तो अभिभावक घटनास्थल पर पहुंचे।

लोग अपने -अपने बच्चों को सकुशल देख राहत की सांस ली। बच्चों के अभिभावकों ने बस चालक से पूछा




**घटना**

- बच्चों में मची चीख पुकार, स्कूल से बच्ची को लेकर चली थी बस, ग्राम कीरतपुर के पास की घटना

की इतनी बड़ी घटना की जानकारी स्कूल में क्यों नहीं दी। चालक का जवाब संतोषजनक मिला। अभिभावकों के मुताबिक चालक के पास स्कूल प्रबंधन के किसी भी सदस्य का नंबर ना होना तो हैरान करने वाली बात है। बच्चों को अभिभावक लेकर चले गए। बड़ी बात तो यह है कि चालक के पास स्कूल प्रबंधन का नंबर ना होना एक बड़ा सवाल खड़ा करता है जिससे स्कूल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही साफ नजर आती है।

इधर स्कूल के प्रबंधक के मोबाइल नंबर पर इस मामले में जानकारी चाही तो संपर्क नहीं हो सका।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नैनीताल विभाग की विभाग बैठक

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नैनीताल विभाग की बैठक कुमाऊं कॉलेज ऑफ नर्सिंग लामाचौड़, हल्द्वानी में संपन्न हुई। बैठक में प्रवासी कार्यकर्ता के तौर पर प्राज्ञिक विद्यार्थी परिषद नेपाल के राष्ट्रीय संगठन सचिव, नारायण ढकाल का प्रवास रहा। बैठक में उन्होंने संगठनात्मक विषय, परिषद कार्य, एवं आगामी कार्यक्रम में चर्चा की। नारायण ढकाल ने बताया कि विद्यार्थी परिषद एक ऐसी छात्र शक्ति की रचना में विश्वास रखता है जो देश के निर्माण के लिए अपना योगदान सुनिश्चित कर सके। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्रा को पढ़ाईके साथ रचनात्मक कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए। आज विद्यार्थी परिषद भारत का ही नहीं अभी तो विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है । आज की बैठक में नैनीताल विभाग से कुल 70 कार्यकर्ता उपस्थित रहे, बैठक में उत्तराखंड प्रांत संगठन मंत्री अंकित सुंदर्याल जी, विभाग संगठन मंत्री नैनीताल डॉ डगर फर्शवन जी, विभाग संयोजक कौशल बिरखानी जी आदि उपस्थित रहे।



# बाखली के आगामी संस्करण विषय वस्तु लेखों का चयन को लेकर हुआ विचार विमर्श



नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊँ विश्वविद्यालय के त्रैमासिक संवाद पत्र बाखली की संपादकीय समिति और संवाद्दाता सदस्यों की बैठक शनिवार को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में बाखली के आगामी संस्करण की विषय-वस्तु, लेखों का चयन और समाचार संकलन पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बाखली की संपादकीय टीम के सदस्य उपस्थित रहे और आगामी अंकों के लिए नए विचारों और रचनात्मक प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बाखली के अगले अंक में विश्वविद्यालय की नई योजनाओं समेत शोध कार्यों और छात्र गतिविधियों से संबंधित लेख प्रकाशित करने की योजना बनाई गई। बैठक के दौरान कुलपति प्रो. रावत ने संवाद पत्र के माध्यम से विश्वविद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों को प्रसारित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बाखली को विश्वविद्यालय के शिक्षकों समेत शोधार्थियों और छात्रों के बीच एक सशक्त संवाद मंच के रूप में विकसित करने के दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर बाखली परिवार के अध्यक्ष प्रो. शिरीष मौर्या ने कहा कि विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में बाखली की गुणवत्ता और व्यापकता को बढ़ाने के लिए जो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं वह विश्वविद्यालय के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। मुख्य संपादक प्रो. संजय घिल्डियाल ने कहा कि बाखली को और अधिक पठनीय और उपयोगी बनाने के लिए टीम पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। सभी सदस्यों के सहयोग से हम आने वाले अंकों में और बेहतर सामग्री प्रस्तुत करेंगे। बैठक में प्रो. अनिल बिष्ट, डॉ. शशि पाण्डे, डॉ. मयंक पाण्डेय, डॉ. महेश चन्द्र आर्य, डॉ. कृतिका बोरा, स्वाति जोशी, सत्येन्द्र तिवारी तथा हिमांशु सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का संचालन बाखली के सदस्य सचिव के.के. पाण्डेय द्वारा किया गया।

# 56 नि:शुल्क जांचों का भी देना होगा शुल्क


**नैनीताल।** राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में सोमवार दो सितंबर से आयुष्मान योजना तथा अटल आयुष्मान योजना व गोल्डन कार्ड धारक वाह्य रोगियों को अस्पताल में 56 नि:शुल्क जांचों का शुल्क देना होगा जबकि आयुष्मान कार्ड व गोल्डन कार्ड धारक भर्ती मरीजों पर यह शुल्क लागू नहीं होगा। जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने पत्र जारी करते हुए बताया कि अब तक जिला अस्पताल की ओपीडी में पहुंचने वाले आयुष्मान व गोल्डन कार्ड धारक मरीजों की अस्पताल में होने वाली समस्त जांचें मुफ्त की जाती थी लेकिन चन्दन डाइग्नोस्टिक सेंटर के साथ 15 जून 2021 को एमओयू होने के बाद ओपीडी में नि:शुल्क जांच संभव नहीं है।

# पूर्व विधायक ठुकराल ने किया भगवान श्री कृष्ण उत्सव का शुभारंभ

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

ग्राम सभा कीरतपुर की कॉलोनी धामा एन्क्लेव में तेजपाल राणा के यहाँ भगवान श्री कृष्ण जी के छठी उत्सव के पावन अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने विधिवत रूप से श्रीकृष्ण भगवान जी की पूजा अर्चना कराई गई। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने भगवान श्रीकृष्ण जी से संबंधित धार्मिक जानकारियां यहाँ पर उपस्थित समस्त क्षेत्र वासियों एवं कॉलोनी वासियों के साथ साझा की। इस अवसर पर वहाँ पर उनके छोटे अनुज संजय ठुकराल समाजसेवी एवं अजय नारायण, राजू भूसरी, सुरेंद्र सिंह सरजू, गौरव सोलंकी,ललित



बिष्ट, ,सुशील कुमार ,तेजपाल राणा, दिलरंजय सिंह, प्रेम शाक्य, नीरज राणा, सैलेश यादव , महेश चौहान, एस ऐन वर्मा, सुरेंद्र सिंह , सुरेंद्र कुमार, विजय शर्मा, दिलशेर जी, संदीप जी, विपिन सैनी, विजय शर्मा, दिनेश चौहान, नरेंद्र रावत, अनिल लोहनी,जी एस नेगी, भारत नेगी, राकेश जी, नंद किशोर पांडे,मनोज शर्मा, किशोर यादव, कविता राणा, वीना भट्ट, प्रिय यादव, सोनिया राणा , ममता, अमनदीप कौर, पुष्पा पांडे, मीनू, रुली सिंह, शुष्मा, पूनम आदि उपस्थित रहे

# प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जागरूकता को निकाली मौन रैली

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न पर प्रशासन और आम जनता को जागरूक करने हेतु एक मौन रैली का आयोजन किया गया।

जिसमें महिलाओं को अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा हेतु जागरूकता लाने एवं पुलिस प्रशासन को महिलाओं की सुरक्षा के लिए अलग टीम बनाकर महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को त्वरित रूप से रोक लगाने और समय समय पर हर वार्ड में महिला सुरक्षा हेतु जागरूक कैम्प लगाने और महिलाओं को आकस्मिक सहायता हेतु विशेष सुरक्षा




व्यवस्था बनाने हेतु एस एस पी, सिटी मजिस्ट्रेट, एस पी सिटी को ज्ञापन सौपा। मोन जलूस का नेतृत्व महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कुसुम दिगारी, प्रदेश मंत्री शांति जीना, जिला महामंत्री उर्वशी बोरा ने किया। रैली को समर्थन देने प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, संगठन मंत्री संदीप सक्सेना, ग्रामीण इकाई महामंत्री पवन वर्मा, नीरज गुप्ता, सम्मी वीर जी, मोटाहल्दू अध्यक्ष संदीप पांडे, मनीष तिवारी डब्बू, सहित पुरुष व्यापारी प्रतिनिधियों ने सहयोग किया, महिलाओं में गीता कांडपाल, किरन जोशी, रेनू टंडन, गीता बिस्ट, विद्या महतोलिया, शर्मिला मित्रा, लता बोरा, कोमल कार्की, गीता दर्मवाल, प्रिया कश्मीरा, आशा दर्मवाल,गुंजन सड़ाना, पार्वती बोरा, तारा बिष्ट, सुनीता भंडारी, सुचित्रा जायसवाल, अमिता अग्रवाल, राधा टंडन, रेखा रावत, कुसुम बोरा, लीना शर्मा, नूपुर मित्रा, ऋतु सामंता, कल्पना रावत, मंजू रावत, पी किरौला, मीमांशा आर्या, मंजू दानु, सरिता अग्रवाल सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रही।